गुजरात में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में विकास कार्य

3697. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में केन्द्रीय क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में कुछ महत्वपूर्ण विकास कार्य शुरू किये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान इस मामले में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) 1992-93 के दौरान गुजरात में सरकारी क्षेत्र के कितने नये उपक्रम स्थापित करने का विचार है?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन): (क) और (ख) सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उद्यमों द्वारा उद्यम-विशेष की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर विकासात्मक कार्य किए जाते हैं। बहरहाल, सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों के पंजीकृत कार्यालय गुजरात में स्थित हैं उनमें से प्रत्येक में विगत तीन वर्ष के दौरान विस्तार, विकास तथा प्रतिस्थापन आदि पर किए गए पूंजीगत व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:

(लाख रुपयों में)

क्रम सं०	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम का नाम	वर्ष		
		1990-91	1989-90	1988-89
1.	इंडियन पेट्रो-कैमिकल लि०	34472	34876	35194
2.	नेटेका (गुजरात) लि०	68	40	13

(ग) केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र में नई परियोजनाओं की स्थापना तथा मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार का निर्णय परियोजना की तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता एवं संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ राष्ट्र के संतुलित क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखकर किया जाता है।

Higher export target for Maruti cars

3698. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that export target for Maruti cars for 1993-94 has been revised upward;

(b) if so, what is the revised target for export of Maruti cars as against the original targets;

(c) whether according to the new standards for car, existing model of Maruti cars is ineligible for exports to E.C. countries; and

(d) if so, what are the basis on which the export target for Maruti car has been revised upward and whether a new model of Maruti car is proposed to be brought out for exports?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DEPARTMENT OF HEAVY INDUSTRY AND DEPARTMENT OF PUBLIC ENTERPRISES) (SHRI P.K. THUNGON): (a) and (b) The export programme for 1993-94 has not been firmed up so far.

(c) The Maruti-800 LHD car has been successfully modified to meet the transitional emission regulations applicable in the EC countries till the end of 1994.

(d) A new car is planned to be introduced towards the end of 1993.